FIROZABAD POLICE

" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

प्रेस नोट थाना दक्षिण दिनाँक 15/01/2025 जनपद फिरोजाबाद।

थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चोरी करने वाले अभियुक्त दीपू व चोरी के माल को खरीदने वाले अभियुक्त शाहिद, दोनों को किया गिरफ्तार कब्जे से चोरी की 01 ई-रिक्शा एवं चोरी की 08 बैटरी बरामद ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में दिनाँक 15/01/2025 को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 51/2025 धारा 305, 331(4), 317(2) बीएनएस0 में वांछित अभियुक्त दीपू पुत्र फेरू सिंह निवासी नट वाली गली हिमाँयूपुर थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद को मुखबिर खास की सूचना पर चोरी की 01 ई-रिक्शा सहित राम सिंह के भट्टे के पास थाना क्षेत्र दक्षिण से गिरफ्तार किया गया । पूछताछ के दौरान गिरफ्तारशुदा अभियुक्त दीपू उपरोक्त की निशान्देही से अभियुक्त शाहिद पुत्र आसिफ निवासी कोहिनूर रोड़ गली नम्बर 31 थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद को 08 अदद खरीदी हुई चोरी की हुई बैटरी (04 अदद बैटरी मु0अ0सं0-51/2025 व 04 अदद बैटरी मु0अ0सं0-793/24 से सम्बन्धित) के साथ सैलई रोड़ से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1- दीपू पुत्र फेरू सिह निवासी नट वाली गली हिमाँयूपुर थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।
2- शाहिद पुत्र आसिफ निवासी कोहिनूर रोड गली नम्बर 31 थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1- 01 अदद चोरी की ई-रिक्शा ।
2- 08 अदद चोरी की बैटरी।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त दीपू उपरोक्त-

1- मु0अ0स0-51/2025 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।
2- मु0अ0स0-793/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।
3- मु0अ0स0-74/2023 धारा 379/411 आईपीसी थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त शाहिद उपरोक्त-

1- मु0अ0स0-51/2025 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना दक्षिण फिरोजाबाद।

2- मु0अ0स0-793/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना दक्षिण फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1- प्र0नि0 योगेन्द्र पाल सिंह थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।

2- उ0नि0 मनोज पौनिया थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।

3- उ0नि0 सौरभ कुमार थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद ।

4- का0 305 आदर्श कुमार थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।

5- का0 1188 मोहित कुमार थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।